SUNDAY | 01.02.2026 | माघ पूर्णिमा विक्रम संवत-2082

उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

महानगर वर्ष 58 | अंक 15 | पृष्ठ : 22 | मूल्य : सात रुपये

बरेली

• 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

PAGE NO.- 08 : BOTTOM

# यशु प्रधान की अर्धशतकीय पारी से एसआरएमएस की टीम बनी विजेता

बरेली। सातवीं शकुंतला देवी मेमोरियल टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट लीग का खिताब एसआरएमएस ने शनिवार को चार रनों से अपने नाम किया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला एसआरएमएस और आईके नेक्स्ट जेन के बीच खेला गया। आईके नेक्स्ट जेन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया।

डोहरा रोड स्थित मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एसआरएमएस की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 211 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से स्टार बल्लेबाज यशु प्रधान ने बेहतरीन फॉर्म का प्रदर्शन करते हुए 33 गेंदों में 65 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। उनकी इस पारी ने एसआरएमएस को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईके नेक्स्ट जेन की टीम ने भी मुकाबले को रोमांचक बना दिया। आकिब अंसारी ने 75 रन और आर्यन चौधरी ने 55 रनों की शानदार पारियां खेलीं, लेकिन टीम निर्धारित ओवरों में लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। एसआरएमएस ने कसी हुई गेंदबाजी के दम पर मुकाबला चार रनों से अपने नाम कर लिया।

गेंदबाजी में अनुज शर्मा ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट झटके। पूरे टूर्नामेंट में लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाले यशु प्रधान को चार मैचों में 407 रन बनाने के लिए मैन ऑफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि संयुक्त नगर आयुक्त मयंक यादव ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व प्राइजमनी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल, डॉ. विनोद पागरानी, भाजपा नेता प्रशांत पटेल, डॉ. एमएल मौर्या, संजीव सक्सेना, राजेश अग्रवाल जॉली, पार्षद राजेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे। संवाद